को प्रदान किए गए वार्षिक रखरखाव अनुदान का ब्यौरा निम्नानुसार है :—

वर्ष	राशि (लाख रुपये में)
1991-92 . .	3603.60
1992-93 . .	4119.47
1993-94 . .	5628.09

(घ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार यदि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से हिन्दी और अंग्रेजी साहित्य का उर्दू में अनुवाद करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो आयोग उस पर विचार करेगा और विश्वविद्यालय को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा बशर्ते कि राशि उपलब्ध हो ।

(ङ) अतिक्रमण की गई संपत्ति का मूल्य तब पता चलेगा जब समिति, जिसमें विधिवेत्ता और ओल्ड बॉयज़ हैं, अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।

जामिया मिलिया इस्लामिया का आधुनिकीकरण और विस्तार

1625. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जामिया मिलिया इस्लामिया के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) जामिया मिलिया इस्लामिया को इस समय प्रतिवर्ष कितनी धन राशि प्रदान की जा रही है और क्या सरकार इसे बढ़ाने का विचार रखती है ; और

(ग) जामिया की संपत्ति के अतिक्रमण को समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और पिछले दो वर्षों के दौरान इसमें कितनी सफलता मिली है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जामिया मिलिया इस्लामिया तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, आयोग ने आठवीं योजना के दौरान जामिया मिलिया इस्लामिया के विकास, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 1057.00 लाख रु० की राशि आवंटित की थी । आयोग ने 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान क्रमशः 707.03 लाख रु०, 888.32 लाख रु० तथा 939.78 लाख रु० का वार्षिक अनुरक्षण अनुदान भी प्रदान किया है । इसके अलावा आयोग अन्य विकास कार्यक्रमों जैसे विशेष सहायता कार्यक्रम, डी० एस० ए०, सी० एस० ए० इत्यादि के लिए सहायता प्रदान करता है । जामिया मिलिया इस्लामिया को दिए जाने वाले अनुदानों में बढ़ोत्तरी विश्वविद्यालय की आवश्यकता तथा सरकार के पास निधियों की उपलब्धता पर निर्भर करती है ।

(ग) जामिया मिलिया इस्लामिया के अनुसार, विश्वविद्यालय ने अतिक्रमण की समस्या से निपटने तथा जामिया की संपत्ति की रक्षा करने के लिए एक वरिष्ठ परामर्शदाता नियुक्त किया है । जामिया की संपत्ति पर अतिक्रमण हटाने के लिए पी० पी० अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई शुरु कर दी गई है । विश्वविद्यालय ने 13 मामलों में अतिक्रमण हटाने में सफलता प्राप्त कर ली है । गत दो वर्षों के दौरान जामिया की भूमि पर किसी अतिक्रमण की सूचना नहीं मिली है ।

स्नातकोत्तर शिक्षकों की पदोन्नति

1626. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री राज्य सभा में 18 मार्च, 1994 को अतारांकित प्रश्न संख्या 3407 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :